राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

प्रधानमंत्री ने किया नई शिक्षा नीति के नवाचारों का लोकार्पण

राज्यपाल श्री मिश्र ने ऑनलाइन भाग लिया, नवाचारों की सराहना की

जयपुर, 29 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को नई शिक्षा नीति के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नवीन शिक्षा योजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम में ऑनलाइन भाग लिया।

लोकार्पण कार्यक्रम के बाद उन्होंने नवीन शिक्षा नीति के एक वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारम्भ नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि 34 वर्षों के बाद देश में लागू की गई नई शिक्षा नीति युवाओं के सर्वांगीण विकास से जुड़ी है।

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आधार बनाकर देश में शिक्षा के उन्नयन के लिए गुरुवार को प्रारंभ किए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नेशनल डिजिटल एजुकेशन आर्किटेक्चर, नेशनल एजुकेशन टेक्नोलॉजी फोरम, विद्या प्रवेश आदि नवाचारों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इनसे भारत शिक्षा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

नई शिक्षा नीति के नवाचार कार्यक्रमों के लोकार्पण अवसर पर देश के राज्यों के राज्यपाल, उप राज्यपालों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों, शिक्षा मंत्रियों, भारत सरकार के शिक्षा मंत्री, शिक्षाविदों आदि ने ऑनलाइन भाग लिया।

—